28 -JAN-JSP-BHOOMI-pg-1_Layout 1 1/28/2024 8:21 PM Page 1

तापमान

अधिकतम 12.2 डिग्री

न्यूनतम 7.2 डिग्री

हरिभूमि

# जशपुर-रायगढ़ भूमि

बिलासपुर, सोमवार, 29 जनवरी 2024

[ पत्थलगांव | कुनकुरी | बगीचा | फरसाबहार | कांसाबेल | दुलदुला | मनोरा ]

4 धर्मांतरण के आरोप में 12 गिरफ्तार



## खबर संक्षेप

### गणतंत्र दिवस पर सरकारी भवन नहीं हुए रोशन

**पत्थलगांव।** गणतंत्र दिवस पर लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग उपखंड पत्थलगांव व शासकीय प्री मेट्रिक कन्या छात्रावास में किसी तरह की जगमग रोशनी न कर सरकारी आदेश को दरकिनार कर दिया। जबकि सभी सरकारी विभागों, कार्यालय भवनों को राष्ट्रीय पर्व की संध्या पर रोशनी से जगमग करना अनिवार्य है।

### जोगपाल स्कूल में धूमधाम से मनाया गया गणतंत्र दिवस



**कांसाबेल।** जोगपाल पब्लिक स्कूल कांसाबेल में गणतंत्र दिवस की 75 वीं वर्षगांठ बड़े धूम धाम से मनाया गया। जिसमें मुख्य अतिथि कालेश्वर राम भगत एवं मार्शल एक्का रहे। स्कूल के चेयरमैन कुलवंत सिंह भाटिया एवं स्कूल के प्राचार्य शंकर कुमार के उपस्थिति में बच्चों के द्वारा परेड कर अतिथियों का स्वागत किया गया। तत्पश्चात भारत माता की प्रतिमा के सामने दीप प्रज्वलित कर ध्वजा रोहन का कार्य क्रम पूर्ण किया गया। उसके बाद बच्चों के द्वारा परेड कर झंडे को सलामी दिया गया। कार्यक्रम में तरह तरह के सांस्कृतिक नृत्य व गाने, नाटक की प्रस्तुतियां मनमोहक रही। साथ ही कन्या शाला में आयोजित कार्यक्रम में द्वितीय स्थान डांस में एवं परेड में प्राप्त किया। कार्यक्रम के अंत में स्कूल के प्राचार्य ने सभी अतिथि एवं बच्चों को गणतंत्र दिवस की शुभकामनाएं देते हुए मिष्ठान वितरण कर कार्यक्रम का समापन किया।

### अंगना में शिक्षा कार्यक्रम में महिलाएं व बच्चों ने लिया हिस्सा



**कांसाबेल।** एफएलएन के तहत अंगना में शिक्षा कार्यक्रम किया गया। जिसमें बच्चे व माताएं ने कार्यक्रम में बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। प्रतियोगी विजेताओं को प्रधान पाठक व शिक्षकों के द्वारा प्रदत्त कॉपी, टाई, बेल्ट एवं अन्य सामग्री उपहार में दिया गया। बाकी सभी प्रतियोगी को सांत्वना पुरस्कार भी दिया गया। यह कार्यक्रम शिक्षा के क्षेत्र में जागृत करने के लिए रखा गया। कार्यक्रम में सभी स्टाफ एवं गणनागरिक मौजूद रहे। यह कार्यक्रम कन्या आश्रम कांसाबेल में संपन्न हुआ।

### आग से झुलसी वृद्धा की उपचार के दौरान मौत

**अम्बिकापुर।** ग्राम सिरमिना निवासी जगमन बाई पति शिवनारायण (62 वर्ष) बुधवार की शाम घर में परछी में आग ताप रही थी। इसी दौरान तोलिया में आग पकड़ लेने से वृद्धा आग की चपेट में आ गई।

कोरोना की वैक्सीन लगवाने जब प्रशासन थक-हार गया तब यादव की ली मदद

# मुख्यमंत्री विष्णुदेव ने जागेश्वर को दिया प्रतीक चिन्ह, राष्ट्रपति देंगे पद्मश्री सम्मान

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

■ राष्ट्रपति के हाथों पद्मश्री सम्मान करेंगे ग्रहण

राष्ट्रपति के दत्तक पुत्र माने जाने वाले विशेष पिछड़ी जनजाति के बिरहोर कुछ सालों पहले तक इतने संकोची थे कि जूते-चप्पल पहने हुए किसी को आता देखकर भाग जाते थे। उन्हें विकास की मुख्यधारा में शामिल करने जागेश्वर यादव ने जीवन भर जूते-चप्पल नहीं पहनने का संकल्प किया ताकि वे मिलने से सकुचाये नहीं। धीरे-धीरे वे बड़ा बदलाव लाने में कामयाब हुए और अभी बिरहोरों की पहली पीढ़ी शिक्षित हो गई है। वे शासकीय योजनाओं का लाभ लेने आगे बढ़ रहे हैं।

जब जागेश्वर यादव 21 वर्ष के थे तब उन्होंने बिरहोर जनजाति के लोगों की तकलीफ देख उनकी सेवा का संकल्प लिया। आज चार दशक हो गए हैं और उनका सेवा कार्य अनवरत जारी है। संकल्पित भाव से बिरहोर जनजाति की सेवा करने वाले और पिछड़े वर्ग से आने वाले इस जननायक और सेवाभावी कार्यकर्ता का सम्मान मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने राज्य अतिथि गृह पहुना में किया। मुख्यमंत्री ने उन्हें पद्मश्री से सम्मानित किए जाने के केंद्र सरकार के निर्णय पर शुभकामनाएं दीं। मुख्यमंत्री ने कहा कि आपने पूरे छत्तीसगढ़ का गौरव बढ़ाया है। श्री यादव ने भी मुख्यमंत्री को धन्यवाद देते हुए और उनके प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इस पूरे रास्ते में आपका भरपूर सहयोग मिला जिसे मैं कभी नहीं भूलूंगा। आपने बिरहोर भाइयों के साथ बैठकर पतरी में चावल खाया। उनकी शिक्षा के लिए जो भी योजनाएं हम आपके पास लेकर गए। आपने कहा कि ये अच्छा काम है इसे आगे बढ़ाइये, मैं इसमें आपकी मदद करूंगा। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री ने पहली ही कैबिनेट में आवासीहीनों को आवास उपलब्ध कराने का जो निर्णय लिया है। उससे सभी बिरहोरों को पक्का मकान मिल पाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि जागेश्वर यादव को पद्मश्री के लिए सम्मानित किये जाने का केंद्र सरकार का निर्णय सेवा भाव से संकल्पित एक कार्यकर्ता का सम्मान है। जब प्रदेश में कोरोना फैला और मोदी ने वैक्सीन की सुविधा उपलब्ध कराई तब बिरहोर लोगों के मन में वैक्सीन को लेकर आशंकाएं थीं और प्रशासन के अनेक बार आग्रह करने पर भी उन्होंने इसके लिए मना कर दिया। फिर जागेश्वर यादव को इसके लिए बिरहोरों को तैयार करने भेजा गया। बिरहोर इनको अपना मसीहा मानते हैं। जब जागेश्वर यादव ने आग्रह किया तो सब तैयार हो गये, ये उनकी बिरहोरों की बीच गहरी पैठ का प्रमाण है। पाली विकासखंड में उन्होंने 3 कार्यक्रम बिरहोरों के लिए कराए और हर बार मैं इन कार्यक्रमों में ⏭ शेष पेज 4 पर



जागेश्वर को प्रतीक चिन्ह देते सीम विष्णुदेव साय।



जीवन दीप समिति की बैठक लेती विधायक गोमती साय।

## पत्थलगांव विधायक गोमती ने जीवन दीप समिति की ली बैठक

■ सफाई व्यवस्था नियमित करने के निर्देश दिए

**जशपुरनगर।** क्षेत्रीय विधायक श्रीमती गोमती साय की अध्यक्षता में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बागबाहर में जीवनदीप समिति की साधारण सभा की बैठक आयोजित की गई।

बैठक में खंड चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर जे.मिंज एवं प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर शशिकांत एवं और गणमान्य नागरिक आनंद शर्मा और केपी शर्मा, अशोक अग्रवाल सरपंच श्रीमती धनियारो परहा उप सरपंच भूपेंद्र जायसवाल एवं बागबहार के समस्त गणमान्य नागरिक एवं स्वास्थ्य विभाग के समस्त स्टॉफ उपस्थित रहे। बैठक में नए भवन, पोस्टमार्टम मर्च्युरी, एम्बुलेंस, स्टॉफ क्वार्टर एवं ड्रैसर ,वार्ड बॉय एवं एक्सरे टेक्नीशियन से संबंधित चर्चा की गई। उन्होंने साथ ही अस्पताल का निरीक्षण किया और साफ सफाई के लिए निर्देश दी। सभी कर्मचारियों को अपना कार्य सुचारू रूप से निर्वहन करने के भी निर्देश दिए।

## हरिभूमि के वार्षिक कैलेंडर का हुआ विमोचन

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

छत्तीसगढ़ में सर्वाधिक प्रसारित, सबसे ज्यादा पढ़ा जाने वाला राष्ट्रीय दैनिक समाचार पत्र द्वारा प्रकाशित वार्षिक कैलेंडर का विमोचन किया गया। कैलेंडर विमोचन कार्यक्रम में विजय प्रसाद गुप्ता राष्ट्रीय सचिव, डॉ. दीनानाथ प्रोफेसर लोयला कॉलेज कुनकुरी के अलावा अन्य गणमान्य लोग उपस्थित थे। हरिभूमि कैलेंडर 2024 का विमोचन विजय प्रसाद गुप्ता राष्ट्रीय सचिव (रिपब्लिकन पार्टी ऑफ इंडिया) आठवले ने किया।

विमोचन समारोह में विजय प्रसाद गुप्ता ने हरिभूमि की लेखनी सराहना करते हुए अखबार के समूह की प्रशंसा की। इस मौके पर हरिभूमि जिला कार्यालय के नवीन ओझा, खुर्शीद कुरैशी, राजेश राम भगत के साथ समारोह में अन्य शामिल थे।



विमोचन कार्यक्रम में शामिल अतिथि।

## जनता आभार कार्यक्रम में विधायक भगत हुए शामिल

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

सन्ना के ग्राम पंचायत चंपा में जनता आभार कार्यक्रम में विधायक रायमुनि भगत की जीत के बाद भव्य स्वागत कर ग्राम लेकर आए और ढोल नागडों के साथ भाजपा परिवार का स्वागत किया गया।

विधायक भगत ने कहा कि अब आपलोगों को किसी से डरने की जरूरत नहीं है। अब डबल इंजन की सरकार मिलकर आप लोगों के विकास के कार्य हमेशा करती रहेगी। इस दौरान मार्गदर्शक कृष्णा कुमार राय और गोपाल राय सुरेश राम, रजनी प्रधान, नितु गुप्ता, गोपाल राय, रूपेश सोनी, सावित्री निकुंज प्रतिभा भगत, उमेश प्रधान, सन्ना मंडल अध्यक्ष मंगल राम, बलवंत गुप्ता राहुल गुप्ता, रामनारायण यादव नसरुल्लाह सिद्दीकी शंकर गुप्ता उपस्थित थे।



## सरकारी विभागों, स्कूलों सहित अन्य जगहों पर किया गया ध्वजारोहण



**पत्थलगांव।** गणंत्र दिवस के अवसर पर पत्थलगांव के सरकारी व निजी भवनों में ध्वजारोहण कर परेड की सलामी ली गई । इसके साथ ही स्कूली बच्चों ने विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर दर्शकों का मन मोह लिया। वहीं पत्थलगांव के विभिन्न स्थानों में ध्वजारोण कर किया गया।

जिनमें प्रमुख रूप से सिविल अस्पताल में बीएमओ डॉ.जेम्स मिंज ने बीईओ ऑफिस में, बीईओ धनीराम भगत ने नगर पंचायत में, नगर पंचायत अध्यक्षा श्रीमती उर्वशी सिंह ने फारेस्ट ऑफिस में, एसडीओ ने लोक निर्माण विभाग डिवीजन ऑफिस में, कार्यपालन अधिकारी मोचन प्रसाद कश्यप ने सब डिवीजन ऑफिस में, अनुविभागीय अधिकारी सन्तोष पैंकरा ने बिजली ऑफिस डिवीजन ऑफिस में, डी सुरेश खाखा ने सब डिवीजन ऑफ़सि में, एई नन्दलाल भारद्वाज ने जोगपाल पब्लिक स्कूल में, डायरेक्टर शरणजीत सिंह भाटिया ने सेंट जेवियर्स इंग्लिश मीडियम स्कूल बन्दीयाखार में, फादर सुनील खलखो ने पुरानी बस्ती सत्यनारायण मंदिर में, पूर्व विधायक रामपुकार सिंह ने पुरानी बस्ती के प्रायमरी स्कूल में, नगरपंचायत के उपाध्यक्ष श्यामनारायण गुप्ता ने जशपुर रोड स्वराज ट्रेक्टर शोरूम में, समाज सेवी जितेन्द्र गुप्ता ने शासकीय मिडिल स्कूल बॉयश पत्थलगांव में, प्राचार्य भीमसेन स्वर्णकार ने अग्रसेन भवन में, अग्र समाज के अध्यक्ष मदनलाल अग्रवाल ने कुमकेला शासकीय हाई स्कूल में, प्राचार्य एलडी बंजारा ने बीआरसी ऑफिस में, बीआरसी वेदानन्द आर्य ने ग्राम केराकछार में, सरपंच महेश एक्का आदि ने ध्वजारोहण किया। इस मौके पर जगह जगह सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन भी किया गया। जिसमें छात्रों ने भाग लिया।




विधायक ने डूमरटोली व सोगाडा संकुल की माताओं, शिक्षकों व बच्चों को किया प्रेरित

## मिलकर कार्य करेंगे तो देश प्रगति करेगा: भगत

**जशपुरनगर।** मनोरा बालक, पालक, शिक्षक सम्मेलन डुमरटोली को संबोधित करते हुए रायमुनी भगत विधायक जशपुर ने संकुल डूमरटोली एवं सोगाडा संकुल के माताओं शिक्षकों बच्चों को प्रेरित करते हुए कहा कि बालक, पालक, शिक्षक मिलकर कार्य करें विशेष बेटियों के शिक्षा को प्राथमिकता दें तो हमारा समाज गांव देश अवश्य प्रगति करेगा।

ग्राम पंचायत डुमरटोली के पूर्व माध्यमिक शाला डुमरटोली विकास खण्ड मनोरा में संकुल सोगाडा और डुमरटोली के माता- अभिभावकों शिक्षकों का सम्मेलन कार्यक्रम विकासखंड शिक्षा अधिकारी संजय पटेल एवं सहायक विकासखंड शिक्षा अधिकारी तरूण कुमार पटेल के मार्गदर्शन एवं संकुल प्राचार्य श्रीमती निर्मला तिर्की के नेतृत्व में आयोजित कार्यक्रम जिसमें संकुल डूमरटोली संकुल सोगाडा के अभिभावकों माता को आमंत्रित किया गया था। कार्यक्रम मे बड़ी संख्या में माताएं सम्मिलित हुई। सर्वप्रथम तरुण कुमार पटेल ने शालाओं मे संचालित शैक्षणिक गतिविधियों, संकुल डुमरटोली के शालाओं मे बस्तामुक्त शनिवार को आयोजित विभिन्न शैक्षणिक गतिविधियों से उपस्थित लोगों जनप्रतिनिधियों को अवगत कराया। सम्मेलन को जिला पंचायत सदस्य शांति भगत कृपा शंकर भगत सुरेश राम भगत ने संबोधित किया। सम्मेलन में सरपंच सोहन राम भगत ग्राम पंचायत डुमर टोली सरपंच मनोहर एक्का ग्राम पंचायत बुमतेल आशुतोष राय एवं अरविंद भगत उपस्थित थे। सम्मेलन को स्वरूप प्रदान करने में शाला प्रबंधन समिति डूमरटोली के वरिष्ठ सदस्य मैनेजर राम एवं शाला प्रबंधन समिति डुमरटोली अध्यक्ष श्रीमती मधुमति प्रजापति, शाला प्रबंधन समिति सिकटाटोली श्रीमती असुन्ता तिर्की, शाला प्रबंधन समिति सोगडा उमेश राम, शालाप्रबंध समिति बेलटोली श्रीमती अर्चना कुजूर शालाप्रबंध समिति मरगा की श्रीमती बसन्ती बाई का विशेष ⏭ शेष पेज 4 पर



सम्मेलन में उपस्थित अभिभावक।

28 Jan-Jash Bhoomi pg2_Layout 1 1/28/2024 8:17 PM Page 1



## फिल्म इवेंट

### हॉलीवुड

## 'रोड हाउस' का एक्शन से भरपूर ट्रेलर रिलीज



डौग लिमन के 1989 के क्लासिक 'रोड हाउस' के रूपांतरण में जेक गिलेनहाल को बार ब्रॉल्स के मिस्टर रोजर्स के रूप में दिखाया गया है। 'रोड हाउस' का दमदार एक्शन से भरपूर ट्रेलर रिलीज हो चुका है। जेक गिलेनहाल एक पूर्व-यूएफसी मिडिलवेट फाइटर एलवुड डाल्टन की भूमिका में हैं, जो एक के बाद एक कई हिट लेता है। ट्रेलर में जेक गिलेनहाल को एलवुड डाल्टन के रूप में दिखाया गया है, जो एक पूर्व-यूएफसी मिडिलवेट फाइटर है और वह बहुत अधिक हिट लेता है और ठीक होने में असमर्थ है। वह एक बीट-अप कार में रहता है और भूमिगत युद्ध रिंगों में भाग लेता है। वह जेसिका विलियम्स के बार मालिक को मिला, जो उसे अपने लिए काम करने के लिए आमंत्रित करती है। यह फिल्म मैकग्रेगर की पहली फिल्म भूमिका और लड़ाई पर जेक गिलेनहाल के अनूठे दृष्टिकोण को दर्शाती है।

यह फिल्म फिल्म निर्माता डग लिमन की 1989 की पैट्रिक स्वेज स्टारर फिल्म की रीमेक है। उन्होंने सोशल मीडिया पर लिखा, '80 के दशक के पंथ क्लासिक की इस एड्रेनालाईन-ईंधन वाली पुनर्कल्पना में पूर्व-यूएफसी फाइटर डाल्टन (जेक गिलेनहाल) फ्लोरिडा कीज रोडहाउस में बाउंसर के रूप में नौकरी करता है, लेकिन उसे पता चलता है कि यह स्वर्ग वैसा नहीं है, जैसा दिखता है।'

### टॉलीवुड

## जूनियर एनटीआर की 'देवरा' की रिलीज डेट टली



जूनियर एनटीआर की फिल्म देवरा का लोगों को लंबे समय से इंतजार है। फिल्म का निर्देशन कोरताला शिवा कर रहे हैं। हाल ही में (आठ जनवरी) इसका टीजर जारी किया गया था, जिसे समीक्षकों के साथ दर्शकों की भी सकारात्मक प्रतिक्रिया मिली थी। इसे देखकर साउथ के साथ हिंदी पट्टी के लोगों की भी उत्सुकता बढ़ गई थी। अब फिल्म को लेकर एक नई जानकारी सामने आई है। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार अब यह फिल्म अपने पहले से तय समय पर रिलीज नहीं की जाएगी। रिपोर्ट में करीबी सूत्रों के हवाले से बताया गया है कि मेकर्स के फैसले के अनुसार फिल्म को पांच अप्रैल को सिनेमाघरों में नहीं प्रदर्शित किया जाएगा। सूत्रों के मुताबिक देवरा में काफी ज्यादा वीएफएक्स का इस्तेमाल किया जा रहा है। इसी वजह से फिल्म में अधिक समय लग रहा है। निर्माताओं ने स्पष्ट रूप से कहा है कि वे दृश्यों के साथ कोई समझौता नहीं करेंगे। जूनियर एनटीआर भी आरआरआर के बाद इस फिल्म को लेकर आ रहे हैं, इस वजह से वे भी फिल्म को लेकर विशेष सतर्कता बरत रहे हैं। बताया जा रहा है कि यह फिल्म 2024 की दूसरी छमाही में बड़े पर्दे पर दस्तक दे सकती है। रिपोर्ट्स यह भी बताती हैं कि वीएफएक्स का काम पूरे जोरों पर चल रहा है, लेकिन इस फिल्म की लगभग 20 दिनों की शूटिंग भी अभी बाकी है। वहीं, देवारा में खलनायक की भूमिका निभा रहे सैफ अली खान की चोटिल हैं और सर्जरी के बाद फिलहाल आराम कर रहे हैं। इन सब वजहों से मेकर्स ने फिल्म की रिलीज डेट आगे बढ़ाना ही बेहतर समझा है।

### भोजपुरी

## पटना में आज सजेगी भोजपुरी सितारों की महफिल



भोजपुरी फिल्म उद्योग में पहली बार म्यूजिक अवॉर्ड का आयोजन होने जा रहा है। पटना के गांधी मैदान में आगामी 28 जनवरी को भोजपुरी सिनेमा के दिग्गज सितारों के साथ हिंदी सिनेमा के भी सितारे शिरकत करेंगे। इस दौरान भोजपुरी संगीत से जुड़े हस्तियों को सम्मानित किया जाएगा।भोजपुरी सिनेमा में फिल्मों को लेकर काफी लंबे समय से अवार्ड समारोह का आयोजन होते आ रहा है। भोजपुरी सिनेमा में यह पहला मौका है, जब म्यूजिक को अवॉर्ड दिया जाएगा। देखा जाए तो इन दिनों भोजपुरी फिल्मों से ज्यादा म्यूजिक एल्बम ज्यादा डिमांड में हैं और भोजपुरी एल्बम्स के गाने खूब सुने जा रहे हैं। साल 2022 में यूट्यूब इंडिया की टॉप 10 म्यूजिक वीडियो लिस्ट में भोजपुरी फिल्मों के सुपरस्टार खेसारी लाल यादव के दो गाने शामिल रहे। इन दोनों गानों में से 'ले ले आई कोका कोला' पांचवें नंबर पर और 'नथुनिया' 10 वें नंबर पर रहा। इस अवॉर्ड का आयोजन भोजपुरी फिलमची चैनल द्वारा किया जा रहा है। फिलमची भोजपुरी चैनल आईएन 10 मीडिया नेटवर्क का क्षेत्रीय फिल्म चैनल है, जिसपर भोजपुरी फिल्में रिलीज होती है। पिछले साल लखनऊ में आयोजित भोजपुरी फिल्म अवार्ड के दौरान फिलमची भोजपुरी चैनल डिजिटल पार्टनर था। इसी अवॉर्ड शो के दौरान पवन सिंह और खेसारी लाल यादव आपसी मतभेद भुलाकर एक दूसरे से गले मिले थे।

बताया जा रहा है कि फिलमची म्यूजिक अवाड्र्स के आयोजन का मकसद भोजपुरी संगीत जगत से जुड़े गायक, संगीतकार और गीतकारों को भोजपुरी संगीत में उनके उत्कृष्ट योगदान को पहचानना और उन्हें सम्मानित करना है। अपनी शैली की व्यापक लोकप्रियता के बावजूद, यह पहल उद्योग के भीतर स्वीकृति और प्रशंसा की दीर्घकालिक आवश्यकता को स्वीकार करने वाला होगा। फिलमची म्यूजिक अवाड्र्स 2024 का आयोजन पटना के गांधी मैदान स्थित बापू सभागार में होगा। इस अवसर पर उदित नारायण, कुमार सानू और अलका याग्निक के अलावा भोजपुरी फिल्म इंडस्ट्री से मनोज तिवारी, रवि किशन, दिनेश लाल यादव निरहुआ, पवन सिंह, खेसारीलाल यादव, रितेश पांडेय, मोनालिसा, आम्रपाली दुबे, अरविंद अकेला कल्लू, प्रवेश लाल यादव और भी कई बड़े सितारे शामिल होंगे।

### लाइफ स्टाइल



**बर्फ में तूफान**

लंदन फैशन वीक हमेशा अपने नए प्रयोगों के लिए जाना जाता है। फैशन डिजाइनिंग की दुनिया में अंतरराष्ट्रीय ब्रांड बरबेरी की परंपरा और नवीनता का मिश्रण लंदन फैशन वीक को बहुचर्चित बना देता है। पिछले दिनों बर्फीले मौसम में हुआ यह फैशन शो अपने अनूठे प्रयोग की वजह से चर्चित हुआ। लंदन से पहले बरबेरी का शो मिलान में हो चुका है। कार्पोरेट जगत को भी लंदन फैशन वीक का इंतजार रहता है।

## जरूरत से ज्यादा मॉइश्चराइजर बन सकता है परेशानी का सबब



अपनी स्किन की जरूरतों के अनुसार आप मॉइश्चराइजर का इस्तेमाल कर सकते हैं। लेकिन जब आप जरूरत से ज्यादा मॉइश्चराइजर अप्लाई करते हैं तो इससे आपकी स्किन को कुछ नुकसान भी उठाने पड़ सकते हैं। अगर आप अपनी स्किन को हाइड्रेट करने के चक्कर में जरूरत से ज्यादा मॉइश्चराइजर का इस्तेमाल करते हैं, तो इससे आपकी स्किन के पोर्स क्लॉग हो सकते हैं। चूंकि विंटर में हम सभी थिक मॉइश्चराइजर का इस्तेमाल करते हैं तो ऐसे में यह संभावना और भी ज्यादा बढ़ जाती है। अगर आप ऐसे मॉइश्चराइजर का इस्तेमाल कर रहे हैं, जिसमें कॉमेडोजेनिक इंग्रीडिएंट्स हैं तो ऐसे में आपको ब्रेकआउट्स व अन्य स्किन प्रोब्लम्स हो सकती हैं। आजकल मार्केट में मिलने वाली अच्छी क्वालिटी के ब्रांडेड प्रोडक्ट काफी महंगे होते हैं। ऐसे में जब आप जरूरत से ज्यादा मॉइश्चराइजर का इस्तेमाल करते हैं तो इस तरह आप अपने प्रोडक्ट को ही बर्बाद कर रहे हैं। ऐसे में आपकी जेब पर भी अतिरिक्त जोर पड़ता है। हमेशा ध्यान रखें कि आपकी स्किन केवल एक निश्चित मात्रा तक ही मॉइश्चराइजर को अब्जॉर्ब कर सकती है। अगर आप उससे अधिक मॉइश्चराइजर लगाते हैं तो यह पूरी तरह से वेस्ट हो जाएगा।

## ऑयली स्किन का ख्याल रखने के लिए ऐसे करें ग्रीन टी का इस्तेमाल



अगर आपकी स्किन ऑयली है तो ऐसे में ग्रीन टी स्टीम फेशियल यकीनन एक अच्छा विचार है। यह आपकी स्किन की गंदगी को दूर करने के साथ-साथ अतिरिक्त ऑयल को मैनेज करने में मदद करता है। अगर आपकी स्किन ऑयली है तो अपनी स्किन से अतिरिक्त ऑयल को हटाने और डेड स्किन सेल्स को रिमूव करने के लिए आप स्क्रब बनाएं। सबसे पहले आधा कप पानी लेकर उसे गर्म करें। अब इसमें ग्रीन टी बैग डालकर कुछ देर के लिए छोड़ दें। अब आप एक कटोरी में चावल का आटा और ग्रीन टी को डालकर मिक्स करें। अब आप अपने फेस को क्लीन करके तैयार स्क्रब को फेस पर लगाएं। हल्के हाथों से सर्कुलर मोशन में मसाज करें और फिर दस मिनट के लिए ऐसे ही छोड़ दें। अंत में, पानी की मदद से अपनी स्किन को क्लीन कर दें। ग्रीन टी की मदद से फेस मास्क बनाकर भी आप अपनी ऑयली स्किन को पैम्पर कर सकती हैं।

## सर्दियों में साड़ी पहनते समय अपनाएं ये ट्रिक्स, नहीं लगेगी ठंड





फैशन

सर्दियां शुरू हो गयी है। सर्दियां लगभग सबको पसंद होती है। इस मौसम में शादी पार्टी का मज़ा ही कुछ और होता है लेकिन ज्यादा ठंड महिलाओं के लिए मुसीबत बन जाती हैं क्योंकि सर्दी के मौसम में महिलाएं शादी के मौके पर खुद को स्टाइल नहीं कर पातीं। दरअसल, महिलाएं महंगे और स्टाइलिश एथनिक या पार्टी वियर कपड़े पहनती हैं लेकिन ठंड बढ़ने के कारण उन्हें स्वेटर या कोट आदि को ऊपर से कैरी करना पड़ता है। ऐसे में उनकी खूबसूरत ड्रेस स्वेटर के नीचे छिप जाती है। इसके अलावा अगर वह विंटर वियर नहीं पहनती तो ठंड और ठिठुरन से परेशान रहती हैं। ऐसे में सारा फैशन बेकार हो जाता है। इसलिए सर्दियों में किसी कार्यक्रम पर साड़ी पहनने वाली महिलाओं को फैशन के मामले में सबसे अधिक परेशानी होती है। आज हम आपको सर्दियों में शादी सीजन के लिए कुछ ऐसे टिप्स के बारे में बताएंगे, जिसे आजमा कर आप साड़ी को स्टाइलिश तरीके से कैरी कर सकती हैं और आपको ठंड से भी बच सकती हैं।



- **पहनें फुल स्लीव्स**
  ठंड से बचने के लिए आप ब्लाउज स्टाइल का चयन करते समय ध्यान रखें कि ब्लाउज फुल स्लीव्स के हों। फुल स्लीव्स ब्लाउज फैशन के मुताबिक भी ट्रेंड में हैं। कई मौकों पर अभिनेत्रियों को पूरे बाजू वाले ब्लाउज में देखा जा चुका है।
- **लांग ब्लाउज कैरी करें**
  साड़ी के साथ लॉन्ग ब्लाउज भी पहन सकती हैं। लॉन्ग ब्लाउज का फैशन हमेशा रहता है। इस तरह के ब्लाउज के नीचे आप इनर या बॉडी वार्मर पहन सकती हैं।
- **इंडो वेस्टर्न साड़ी पहने**
  सर्दी के मौसम में आप इंडो वेस्टर्न साड़ी कैरी कर सकती हैं। ये एथनिक लुक को मॉडर्न टच देने के साथ ही ठंड से भी बचाएंगी। इसमें आप पैंट स्टाइल साड़ी पहन सकती हैं।

## जानिए हेयर सीरम लगाने का सही तरीका



बालों की समस्याओं को दूर करने के लिए नियमित हेयर केयर रूटीन के अलावा कुछ प्रोडक्ट के सपोर्ट की जरूरत भी पड़ती है जैसे, हेयर सीरम। हेयर सीरम बालों की समस्याओं से काफी हद तक आपको बचाने में मदद कर सकता है। इसलिए इस आर्टिकल में मैं बताऊंगा कि हेयर सीरम क्या है? इसके साथ ही आप हेयर सीरम की जरूरत, काम करने, लगाने के तरीके ही हेयर सीरम के फायदों के बारे में भी जान पाएंगे।

**हेयर सीरम कैसे लगायें ?:** बालों को धोने के बाद गीले बालों पर लगाएं, बालों को ब्लो ड्राई करने से पहले लगाएं, हेयर सीरम को ऑयली स्कैल्प पर न लगाएं , हेयर सीरम को ज्यादा न लगाएं, बिना धुले बालों पर न लगाएं

**बाल क्यों टूटते हैं ? :** पर्यावरण के प्रभावों और ज्यादा गर्मी में रहने के कारण बालों की सबसे बाहरी परत यानी क्यूटिकल को नुकसान पहुंचता है। क्यूटिकल को नुकसान पहुंचते ही भीतरी परत मेडुला बाहर निकल आती है। इसकी वजह से बालों में रूखे होकर टूटने, दोमुंह बालों, उलझने और टूटने की समस्याएं शुरू हो जाती हैं।

**हेयर सीरम क्या है ?**

हेयर सीरम एक लिक्विड बेस्ड ट्रीटमेंट है, जिसे आमतौर पर ऑयल और सिलिकॉन्स से बनाया जाता है। तेल और सिलिकॉन मिलकर बालों के ऊपर एक सुरक्षा परत बना लेते हैं, जिससे बालों को उलझने से बचाया जा सकता है। इसके इस्तेमाल से बाल मुलायम, चिकने और चमकदार रहते हैं। हेयर सीरम की जरूरत क्यों पड़ती है? सीरम को बालों पर उन्हें धोने के बाद लगाया जाता है। इसे किसी भी स्टाइलिंग प्रोडक्ट को इस्तेमाल करने से पहले लगाया जाता है।

## बेहद खास हैं शहनाज के मेकअप लुक्स, आप भी कर सकते हैं क्रिएट



मेकअप करने के लिए जरूरी है कि आप अपनी स्किन टाइप का खास ध्यान रखें और फिर अपने लिए बेस्ट लुक को चूज करें। मेकअप करना हम सभी को काफी पसंद होता है और इसके लिए हम रोजाना मेकअप करके ऑफिस या फिर कहीं बाहर घूमने निकलते हैं। कई बार ऐसा भी होता है कि हम किसी पार्टी में जाने के लिए तैयार होते हैं और उसके लिए बॉलीवुड की अलग-अलग एक्ट्रेस के मेकअप लुक्स को रीक्रिएट करते हैं, ताकि इन एक्ट्रेस की तरह हम भी खूबसूरत नजर आए।

**ग्लॉसी मेकअप लुकः** नाइट पार्टी में जाना हम सभी को काफी पसंद होता है। इसके लिए आप एक्ट्रेस शहनाज गिल के इस गोल्ड ग्लिटर मेकअप लुक को क्रिएट कर सकती हैं। इससे स्किन ग्लॉसी और शाइनी लगती है साथ ही एक अलग सी चमक नजर आती है।

**बोल्ड रेड मेकअप लुकः** अगर आपको रेड कलर पसंद है या फिर आप शहनाज गिल की तरह इस तरीके के आउटफिट्स को (शहनाज गिल के हेयर स्टाइल) स्टाइल कर रही हैं तो ऐसे में आप बोल्ड रेड मेकअप लुक को क्रिएट कर सकती हैं। इसमें उन्होंने बोल्ड लिप्स के साथ इस लुक को क्रिएट किया है। जिसमें बेस को नॉर्मल रखा गया है बस आंखों पर लाइट रेड शेड और लिप्स पर डार्क रेड लिपस्टिक का इस्तेमाल किया गया है।

**क्लासिक मेकअप लुकः** शहनाज गिल के इस लुक को आप डेली में भी क्रिएट कर सकती हैं। इसमें उन्होंने बेस को थोड़ा ग्लॉसी रखा है। आंखों पर ब्राउन (शहनाज गिल के लुक्स) आईशैडो के साथ पतला लाइनर क्रिएट किया है, साथ में न्यूड लिपस्टिक को लगाया है। उनके इस लुक को सेलिब्रिटी मेकअप आर्टिस्ट Saba Khan द्वारा क्रिएट किया गया है। जिसे आप मिनटों में घर पर क्रिएट कर सकती हैं।

शहनाज गिल के इन मेकअप लुक्स को करें क्रिएट इससे आप भी काफी सुंदर नजर आएगी।

### कार्नर न्यूज

### आत्मविश्वास, आराम और बेहतरीन लुक, अच्छी ड्रेसिंग से यही सब तो चाहिए

## जेंडर न्यूट्रल ड्रेसिंग के लिए मिल सकता है आपको स्टाइलिश और मिनिमल लुक

आप जब भी बाहर निकलते होंगे तो ड्रेसिंग से आपको भी यही चाहिए होता होगा। है न...यही सब कुछ महिलाओं को अपने फैशन स्टाइल से भी चाहिए होता है। लेकिन बात ऐसे फैशन की हो जो न सिर्फ पुरुषों के लिए हो और न ही सिर्फ महिलाओं के लिए बल्कि ये तो ऐसा फैशन हो जो जेंडर न्यूट्रल हो। तो क्या होगा...तो भी आत्मविश्वास, आराम और बेहतरीन लुक बराबर मिलेगा। पक्की बात है, मगर कुछ खास टिप्स आजमाने के बाद। जेंडर न्यूट्रल ड्रेसिंग ऐसी होती है जो किसी एक जेंडर को नहीं दिखाती है। बल्कि इसे किसी भी जेंडर के फैशन में शामिल किया जा सकता है। इसको आजमाने का आपने भी इरादा किया है तो चलिए खास टिप्स जान लीजिए।




### जेंडर न्यूट्रल एसेसरीज

जेंडर न्यूट्रल ड्रेसिंग के लिए आप एसेसरीज का सहारा भी ले सकते हैं। ये वो एसेसरीज हैं जो किसी भी जेंडर की ड्रेसिंग में आराम से शामिल हो जाते है। इन एसेसरीज को पहचान लीजिए- सस्पेंडर, बेसबॉल कैप, स्कार्फ, बेल्ट, जैकेट के लिए पिन, टाई, सनग्लासेस।

### .ब्लेजर हैं बेस्ट

ब्लेजर ऐसा पहनावा हैं जो किसी भी ड्रेसिंग में आराम से शामिल हो जाते हैं। ये किसी भी लुक को बेहतर करने में मदद भी करते हैं। इसलिए अगर आप जेंडर न्यूट्रल ड्रेसिंग कर रहे हैं तो एक अच्छा डार्क कलर का ब्लेजर आप पर बहुत अच्छा लगेगा।

### ग्राफिक जींस भी तो हैं न

ग्राफिक जींस भी ऐसी होती हैं जो हर जेंडर पर सूट करती हैं। इसको कई बार लोग थोड़ी ढीली पहनते हैं और इसके साथ स्किनी जींस से लुक पूरा करते हैं।



### सफेद शर्ट सबकी फेवरेट

सफेद शर्ट के साथ जींस आपने कई बार पहनी होगी। लेकिन क्या कभी सोचा है कि ये लुक जेंडर न्यूट्रल ड्रेसिंग का ही हिस्सा है। सफेद शर्ट किसी भी बॉटम पर चल जाती है और अच्छी भी सभी पर लगती है। अगर आपको थोड़ा स्टाइलिश लगना है तो इसके ऊपर के दो चार बटन खोले भी जा सकते हैं।

### डबल स्लीव्स वाला फैशन

कुछ साल पहले तक ये फैशन काफी इन था। इसमें फुल स्लीव की टीशर्ट के ऊपर हाफ स्लीव टी शर्ट पहनी जाती थी। इसके साथ कार्गो का ढीला ढाला लुक काफी अच्छा लगता था। ये पूरा लुक भी जेंडर न्यूट्रल लुक है। इसको आप पहनिए और जेंडर न्यूट्रल ड्रेसिंग अपनाइए। इसमें कोशिश कीजिए दोनों में से एक टी शर्ट डार्क कलर की तो एक टी शर्ट हलके रंग की हो। नीचे वाली हलके रंग में अच्छी लगेगी।

28 Jan-Jash Bhoomi pg3_Layout 1 1/28/2024 8:23 PM Page 1



## दूसरे दिन फाइटर की कमाई में भारी उछाल साउथ में ऋतिक की फिल्म का बोलबाला




**मुंबई।** ऋतिक रोशन और दीपिका पादुकोण स्टारर फिल्म फाइटर रिलीज के बाद बड़े पर्दे पर धूम मचा रही है। पहले दिन अच्छी कमाई करने के बाद अब फाइटर का दूसरे दिन का कलेक्शन भी सामने आ गया है। फिल्म ने पहले दिन बॉक्स ऑफिस पर 24.60 करोड़ रुपए का नेट कलेक्शन किया था। रिपोर्ट्स के मुताबिक, दूसरे दिन फाइटर ने बॉक्स ऑफिस 41.20 करोड़ रुपए का नेट कलेक्शन किया। रिपोर्ट के अनुसार, फिल्म का टोटल नेट कलेक्शन 65.80 करोड़ रुपए हो गया है।

## बॉलीवुड के बाद हॉलीवुड सिंगर टेलर हुईं डीपफेक का शिकार, मचा बवाल




**लॉस एंजेलिस।** मशहूर पॉप सिंगर टेलर स्विफ्ट अब डीपफेक का शिकार हुई है, जिसके बाद बवाल मचा हुआ है। दरअसल एक्स हैंडल पर मशहूर पॉप सिंगर टेलर स्विफ्ट की डीपफेक फोटोज शेयर की गईं। इसके बाद इस अकाउंट को सस्पेंड कर दिया गया। जैसे ही सिंगर के एआई जेनरेटेड फोटोज सामने आए तो सोशल मीडिया पर बवाल हो गया और सभी ने इसका विरोध किया। यूजर्स ने कहा कि वो एक नेक इंसान है और उनके साथ इस तरह की हरकत करना बेहद शर्मनाक है।

## मुंबई पहुंचे जोनस ब्रदर्स, इंडिया में पहली बार करेंगे परफॉर्म



**मुंबई।** अमेरिकी पॉप रॉक बैंड जोनस ब्रदर्स शनिवार को मुंबई पहुंचे। वह एक कॉन्सर्ट के लिए इंडिया आए हैं। मुंबई के छत्रपति शिवाजी महाराज इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर उतरे और पैपराजी के लिए पोज दिए। वीडियो में निक को बेज रंग की शर्ट और पैंट पहने देखा जा सकता है। उन्होंने वाइट स्नीकर्स, कैप और एक बैग के साथ अपने लुक को पूरा किया। केविन ने ऑलिव ग्रीन टी.शर्ट, काली पैंट और जूते पहने थे। जो ने ब्लू शर्ट और ऑरेंज टी शर्ट पहनी हुई थी।



## फिल्म मंकी मैन का धमाकेदार ट्रेलर जारी

**मुंबई।** ऑस्कर के लिए पूर्व में नॉमिनेट हो चुके स्लमडॉग मिलेनियर फेम एक्टर देव पटेल की अगली फिल्म मंकी मैन को लेकर फैंस में काफी क्रेज है। अब मचअवेटेड फिल्म का ट्रेलर रिलीज कर दिया गया, जो एक्शन से भरपूर है। इस फिल्म के जरिए देव डायरेक्टर के रूप में डेब्यू करने वाले हैं। साथ ही इस फिल्म से एक्ट्रेस शोभिता धुलिपाला हॉलीवुड में डेब्यू करने जा रही हैं। शोभिता साउथ और बॉलीवुड की फिल्मों में धमाल मचा चुकी हैं। ट्रेलर सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है और लोग इसे खूब पसंद कर रहे हैं।

### लाइफ Style

# कृति
## यूएई गोल्डन वीजा से सम्मानित

एजेंसी ▶▶ मुंबई

कृति सेनन बॉलीवुड की मोस्ट टैलेंटेड एक्ट्रेस में से एक हैं। कृति ने अपने अब तक के करियर में कई शानदार फिल्में दी हैं और अपनी एक्टिंग का लोहा मनवाया है। पिछले साल कृति को उनकी फिल्म मिमी के लिए राष्ट्रीय पुरस्कार से भी सम्मानित किया गया था।

इन सबके बीच एक्ट्रेस ने अब एक और उपलब्धि अपने नाम कर ली है। दरअसल आदिपुरुष एक्ट्रेस कृति सेनन को आइकॉनिक यूएई गोल्डन वीजा से सम्मानित किया गया है। इससे पहले शाहरुख खान, रणवीर सिंह और कई फेमस भारतीय फिल्म हस्तियों को ये सम्मान मिल चुका है। इसी के साथ कृति भी इस रैंक में शामिल हो गई हैं। कृति को ईसीएच डिजिटल सीईओ इकबाल मार्कोनी से गोल्डन वीजा मिला। अपना ग्रेटिट्यूड जाहिर करते हुए एक्टर ने कमेंट किया, यूएई गोल्डन वीज़ा प्राप्त करना सम्मान की बात है। दुबई की मेरे दिल में एक स्पेशल जगह है और मैं इसके वाइब्रेंट कल्चरल लैंडस्केप का हिस्सा बनने के लिए एक्साइटेड हूं। संयुक्त अरब अमीरात में गोल्डन वीज़ा की शुरुआत 2019 में हुई थी। गोल्डन वीज़ा सिस्टम लॉन्ग टर्म रेजिडेंस की सुविधा देती है। इस वीजा के मिलने के बाद विदेशियों को नेशनल स्पॉन्सर के बिना और उनके 100 प्रतिशत स्वामित्व के साथ यूएई में रहने, काम करने और स्टडी करने की सुविधा मिलती है। कृति सेनन से पहले शाहरुख खान एंड फैमिली, संजय दत्त, सानिया मिर्जा, बोनी कपूर और अर्जुन कपूर, जाह्नवी कपूर, खुशी कपूर और अंशुला कपूर, संजय कपूर, वरुण धवन, रणवीर सिंह, कमल हासन, मोहनलाल, ममूटी सहित कई हस्तियों को ये वीजा दिया जा चुका है।



### हॉलीवुड मसाला



## कड़ाके की ठंड में बोल्ड अंदाज

**लॉस एंजेलिस।** केंडल जेनर हॉलीवुड इंडस्ट्री की बोल्ड एंड ग्लैमरस एक्ट्रेसेस में से एक हैं। वह अक्सर अपने लुक्स को लेकर सोशल मीडिया पर चर्चा में रहती हैं। हाल ही में केंडल की कुछ तस्वीरें सामने आई हैं। केंडल स्पेन, कोलोराडो में डिनर डेट के दौरान स्पॉट हुईं। इस दौरान कड़ाके की ठंड में वह बेहद ही बोल्ड लुक कैरी किए नजर आए। स्नो फॉल के बीच केंडल जेनर का ये अंदाज देख हर कोई हैरान है। लुक की बात करें तो केंडल जेनर ग्रे कलर माइक्रो मिनी ड्रेस में नजर आईं हैं।




## किम ने उठाया स्की का लुत्फ...

**लॉस एंजेलिस।** किम कार्दशियन अपने बिजी शेड्यूल के बीच खुद के लिए टाइम निकालना भी अच्छे से जानती हैं। वह इन दिनों एस्पेन में बटरमिल्क पहाड़ों की वादियों में खूब एंजॉय कर रही हैं, जहां से उनकी तस्वीरें इंटरनेट पर खूब वायरल हो रही हैं। फैंस भी किम की इन तस्वीरों को खूब पसंद कर रहे हैं। सामने आई तस्वीरों में देखा जा सकता है कि किम कार्दशियन एस्पेन की ठंड में पूरी तरह पैक होकर बर्फीली वादियों में स्की का आनंद ले रही हैं। इस दौरान वह ब्लैक टॉप के ऊपर लैदर जैकेट और मैचिंग पैंट के साथ स्कैटिंग शूज पहने नजर आ रही हैं। बालों पर उन्होंने ब्लैक शेड्स भी लगाए हुए है और हाथों में गल्वस पहन रखे हैं। वह जमकर बर्फीली वादियों का लुत्फ उठा रही हैं।




## हिना ने शेयर की नो फिल्टर सेल्फी...

**मुंबई।** एक्ट्रेस हिना खान ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर नो फिल्टर सेल्फी शेयर की, जिसमें उनकी आंखों के नीचे रेड रैशेज और होठों पर छाले दिखाई दे रहे हैं। शनिवार को उन्होंने इंस्टाग्राम स्टोरीज पर एक नो फ़िल्टर सेल्फी शेयर की, जिसमें उन्होंने वाइट टी शर्ट पहनी हुई है और अपने बालों को खुला रखा है। तस्वीर के कैप्शन में उन्होंने लिखा नो फिल्टर सेल्फी, मेरी आंखों के नीचे रेड रैशेज, होठों पर छाले, जुकाम सब बुखार की वजह से। बता दें कि हिना ने 28 दिसंबर को अस्पताल में भर्ती होने की सूचना दी थी। उन्होंने बताया था कि उन्हें तेज बुखार है। वर्कफ्रंट की बात करें तो उन्हें आखिरी बार फियर फैक्टर खतरों के खिलाड़ी 13 में एक चैलेंजर के रूप में देखा गया था।




## कांगुवा से जारी हुआ बॉबी का पहला लुक

**मुंबई।** फिल्म कांगुवा के निर्माताओं ने बॉबी देओल का फर्स्ट लुक पोस्टर शेयर कर फैंस को सरप्राइज दिया है। बॉबी का क्रूर और खतरनाक लुक दिख रहा है। कांगुवा में बॉबी एनिमल के बाद एक बार फिर विलेन के रोल में धमाका करेंगे। बॉबी शक्तिशाली उधीरन की भूमिका निभाने वाले हैं। पोस्टर के कैप्शन में लिखा है, निर्दयी, ताकतवर, अविस्मरणीय। मेकर्स ने पोस्टर को अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर शेयर किया है। फिल्म में खलनायक बने बॉबी का पोस्टर सामने आते ही सोशल मीडिया पर छा गया है। लॉर्ड बॉबी का ये अब तक का सबसे खूंखार रूप है, जिसे देख हर कोई डर जाएगा। पोस्टर में बॉबी भीड़ से घिरे हुए हैं। शरीर पर खून लगा हुआ है, बिखरे हुए बाल और हड्डियों का हार पहने दिख रहे हैं।

### टीवी मसाला

## चांदनी चौक की गलियों में मंगेतर संग स्पॉट हुईं सुरभि

**मुंबई।** एक्ट्रेस सुरभि चंदना जल्द दुल्हन बनने जा रही हैं। 13 साल की डेटिंग के बाद अब सुरभि ने कुछ दिन पहले बॉयफ्रेंड बिजनसमैन करण शर्मा संग अपनी शादी की घोषणा की थी। वहीं अब सुरभि ने पुरानी दिल्ली के चांदनी चौक में मंगेतर संग खूबसूरत प्री वेडिंग फोटोशूट करवाया है। इस खूबसूरत फोटोशूट की तस्वीरें सुरभि ने इंस्टा अकाउंट पर शेयर की हैं। लुक की बात करें तो सुरभि पर्पल रेड वेलवेट प्लाजो सूट में खूबसूरत लग रही हैं। मिनिमल मेकअप, नथ, मांग टीका और चोकर नेकलेस सुरभि के लुक को चार चांद लगा रहे हैं। तस्वीरों में कपल खाऊ गली के लजीज फूड्स के मजे लेते हुए देखा जा सकता है। इसके अलावा कपल पुरानी दिल्ली के चांदनी चौक की गलियों में एकदूजे की आंखों में खोए हुए दिख रहे हैं। फैंस उनकी इन तस्वीरों को काफी पसंद कर रहे हैं। बता दें कि सुरभि चंदना और करण शर्मा 1 या 2 मार्च को जयपुर में अपने करीबी दोस्तों और रिश्तेदारों के बीच शादी के बंधन में बंधेंगे।



## फिल्म किस्मत ने उड़ा दी थी अंग्रेजों की नींद, भूमिगत हो गए थे गीतकार

*फिल्म किस्मत को बॉलीवुड की पहली एंटी हीरो फिल्म माना जाता है। इस फिल्म में अशोक कुमार मुख्य भूमिका में थे और वह अपराधी बने थे। यह फिल्म बॉक्स ऑफिस पर हिट साबित हुई और आने वाले कई वर्षों तक चलती रही।*

**मुंबई।** यह फिल्म गणतंत्र दिवस से पहले यानी भारत का संविधान लागू होने से पहले रिलीज हुई थी। फिल्म में एक गाना है, जो आज भी सुना जाता है। हालांकि उस समय यह गाना अंग्रेजों के लिए किसी सिरदर्द से कम नहीं था। ये गाना था, आज फिर हिमालय की चोटी से हमने ललकारा है। दूर हो जाओ ऐ दुनिया वालों, हिंदुस्तान हमारा है। फिल्म का संगीत अनिल बिस्वास ने तैयार किया था। फिल्म की रिलीज से पहले सेंसर बोर्ड ने गाने पर आपत्ति जताई थी और इसे हटाने के लिए कहा था। गीत लिखने वाले भूमिगत हो गए थे दरअसल उन दिनों ऐसे मुद्दों पर फिल्में बनाने का चलन तेज़ नहीं था। तब सेंसर बोर्ड में यह तर्क दिया गया कि यह फिल्म अंग्रेजों के खिलाफ नहीं बल्कि जर्मनी और जापान जैसी शक्तियों के खिलाफ है, जो ब्रिटेन के खिलाफ मैदान में थीं। गाने की एक लाइन है, शुरू हुआ है जंग तुम्हारा, जागो हिंदुस्तानी, किसी के आगे झुकना नहीं, जर्मन हो या जापानी, ये आज सबके लिए हमारा राष्ट्रीय नारा है। इसी लाइन की बदौलत निर्माता सेंसर बोर्ड के सामने अपनी बात रखने में सफल रहे। यह फिल्म भारत छोड़ो आंदोलन के छह महीने बाद रिलीज हुई थी। यह गाना रिलीज होने के बाद काफी मशहूर भी हुआ था। ये गाना आजादी की लड़ाई लड़ने वाले हर शख्स की जुबान पर था। लेकिन गीत की लोकप्रियता के साथ, ब्रिटिश सरकार ने गीत लिखने वाले कवि प्रदीप की खोज शुरू कर दी। इसकी भनक लगते ही कवि प्रदीप भूमिगत हो गये ताकि उन्हें देशद्रोह के आरोप में गिरफ्तार न किया जा सके।




## बेबी बंप छुपाते आईं नजर



*मुंबई। एक्ट्रेस यामी गौतम ने अब तक जिन भी फिल्मों में काम किया है, अपनी खूबसूरती और एक्टिंग की बदौलत दर्शकों का ध्यान खींचा है। यामी ने भले ही कम फिल्में की हैं लेकिन लोग उनकी अपार क्षमताओं को जान चुके हैं। यामी की पर्सनल लाइफ की बात करें तो उन्होंने साल 2021 में डायरेक्टर आदित्य धर संग शादी की थी। शादी को करीब तीन साल हो चुके हैं और फैंस गुड न्यूज का इंतजार कर रहे हैं। इन दिनों यामी की प्रेग्नेंसी को लेकर कयास लगाए जा रहे हैं। यामी और आदित्य को हाल ही में मुंबई में स्पॉट किया गया। इस दौरान जिस चीज ने सबका ध्यान खींचा वो था यामी के दुपट्टा कैरी करने का स्टाइल। ऐसा लग रहा है कि वह दुपट्टे से अपने बेबी बंप को छुपा रही थीं। यामी की ये तस्वीरें और वीडियो सोशल मीडिया पर खूब वायरल हो रहे हैं। इस पर यूजर्स जमकर कमेंट कर रहे हैं।*

28 -JAN-JSP-BHOOMI-pg-4_Layout 1 1/28/2024 8:20 PM Page 1



## खबर संक्षेप

### मॉडिफाई साइलेंसर बेचने की शिकायत पर छापेमारी

**रायगढ़।** पुलिस अधीक्षक सदानंद कुमार के दिशा निर्देशन पर मॉडिफाई साइलेंसर पर जिले में लगातार कार्यवाही जारी है। मुखबिर से सूचना मिली कि लक्ष्मीपुर कार्मेल स्कूल के पास नील कमल सीट स्पेशलिस्ट दुकान में संचालक नीलकमल डनसेना द्वारा सीट बनाने आए ग्राहकों को मॉडिफाई साइलेंसर की बिक्री किया जाता है। संचालक से पूछताछ किया गया और पूरे दुकान को कोतवाली स्टाफ द्वारा चेक किया गया, थाना प्रभारी द्वारा संचालक को मॉडिफाई साइलेंसर बेचना प्रतिबंध होने की जानकारी के बावजूद मॉडिफाई साइलेंसर बचने के कृत्य पर धारा 16 कोलाहल नियंत्रण अधिनियम के तहत साइलेंसर की जप्ती कर 7 नग मॉडिफाई साइलेंसर कीमती 8500 रूपये की जप्ती किया गया।

### वाहनों के अवैध खनन पर टॉस्क फोर्स करेगा कार्रवाई

**सारंगढ़।** कलेक्टर केएल चौहान ने कलेक्टोरेट सभाकक्ष में आयोजित जिला स्तरीय टास्क फोर्स की बैठक लिया। इसमें जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित थे। बैठक में कलेक्टर श्री चौहान ने खनिज के अवैध खनन, परिवहन, भंडारण का प्रभावी नियंत्रण और रोकथाम के लिए अनुमति प्रदान किया है। इसके अंतर्गत खनिज का परिवहन निर्धारित गंतव्य स्थान से अन्यत्र स्थान में किए जाने के एवं अवैध उत्खनन परिवहन एवं भण्डारण पर खनिज नियमों के तहत कार्यवाही किया जाएगा। इसी प्रकार भार क्षमता से अधिक खनिज परिवहन करने वाले वाहनों पर बिना तालपत्री ढके खनिज परिवहन करने वाले वाहनों पर और वन क्षेत्र एवं वन क्षेत्र से लगे हुए क्षेत्रों में खनिजों का अवैध उत्खनन परिवहन कर रहे वाहनों के विरूद्ध कार्यवाही किया जाएगा।

### आदतन चोर जैकी को गिरफ्तार कर भेजा जेल

**रायगढ़।** फौजदार पारा में रहने वाले अन्वेश अग्रवाल द्वारा इसके निर्माणाधीन मकान के पास रखे सेंटरिंग प्लेट व अन्य लोहे की सामग्रियों की चोरी को लेकर ढिमरापुर के जैकी खान और उसके साथियों के विरुद्ध चोरी का अपराध दर्ज कराया गया। रिपोर्टकर्ता ने बताया कि ढिमरापुर आशीर्वाद पुरम कॉलोनी में मकान निर्माण कराया जा रहा है, जहां प्लाट में छड, लोहे का सामान, रिंग, सेंटरिंग प्लेट आदि रखे हुए हैं जिसकी मजदूर देखभाल करते हैं। बीते 4 दिसंबर के रात्रि कुछ लड़के प्लॉट से 20 नग सेटिंग प्लेट, लोहे की घोड़ी स्टूल की चोरी कर ले गए थे। संदेही जैकी खान को पुलिस द्वारा हिरासत में लिया गया जिससे पूछताछ करने पर अपने साथियों के साथ सेट्रिंग प्लेट चोरी करना स्वीकार किया है।

### ताईक्वांडो स्वर्ण आमंत्रण कप के लिए टीम रवाना

**कोरबा।** 5वीं राज्य स्तरीय ताईक्वांडो स्वर्ण आमंत्रण कप का आयोजन बिलासपुर ज़िले के ज़िला खेल परिसर सरकंडा में आयोजित किया जा रहा है। ज़िला कार्यकारी सचिव एवं मुख्य कोच प्रेमराज बंजारे ने जानकारी दी कि उक्त प्रतियोगिता 28 से 31 जनवरी तक आयोजित होगी। जिसमें ज़िले से बालिका वर्ग में खिलाड़ी प्रेरणा चौहान, दक्षा श्रीवास, मिया अलपट्ट, रुचिश्री राहांगडाले, भूमिका जगत, आर्या सेठी, अलिशा, जसमीत कौर एवं बालक वर्ग में हर्षराज कुर्रे, जॉनसन एक्का, कन्तवराप ऋषित, प्रणव निर्मलकार, अथर्व समासी, अर्णव यादव, अद्वितीय यादव, रेयांश यादव ताईक्वांडो कोच देवाशीष कश्यप, रिया श्रीवास, स्नेहा बंजारे रवाना हुए। प्रतियोगिता में विभिन्न जिलों से 350 खिलाड़ी हिस्सा ले रहे हैं। सभी मैच संसर सिस्टम के साथ होगा। ज़िला ओकंपिक संघ अध्यक्ष नौसाद ख़ान, सचिव सुरेश क्रिस्टोफ़र, कोषाध्यक्ष सुशील गर्ग, सहसचिव जावेद ख़ान, ज़िला ताईक्वांडो संघ कार्यकारी अध्यक्ष अविनाश बंजारे, किरण निराला वरिष्ठ उपाध्यक्ष, अजीत शर्मा उपाध्यक्ष, सचिव दुर्गेश साहू, कोषाध्यक्ष चंद्रकांत साहू, सदस्य सुयश चंद्रा, रानी काकोड़िया, ज़िला क्रीड़ाधिकारी केआर टंडन ने खिलाड़ियों को प्रोत्साहित किया है।

## सावित्री नगर में चल रही थी चंगाई सभा

# धर्मांतरण के आरोप में 12 गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

धर्मांतरण को लेकर आए दिन हिन्दू संगठनों और मिसनरी में विवाद होता रहता है। गरीब भोले भाले लोगों को शिक्षा स्वास्थ्य के नाम पर उन्हें बरगलाने के आरोप आए दिन लगते रहते है। इसी कड़ी में आज जिला मुख्यालय के सावित्री नगर स्थित बंद पड़े एक मकान के तीसरी मंजिले में एक समुदाय विशेष के लोगों द्वारा धर्म परिवर्तन कराये जाने की शिकायत पर मौके पर पहुंचे स्थानीय लोगो के साथ साथ आरएसएस हिंदु सेना व राम भक्त के साथ जमकर विवाद हुआ और इसके बाद पुलिस के बड़े अधिकारियों ने मौके पर पहुंचकर धर्म परिवर्तन कराने वाले एक दर्जन से भी अधिक लोगों को हिरासत में लेकर उनके पास से भारी मात्रा में बाईबल तथा अन्य किताबों के अलावा सामान जब्त किया है।

- जमकर हुआ विवाद, अन्य के खिलाफ मामला दर्ज

यह मामला आज सुबह आया जब रायगढ़ के सावित्री नगर इलाके में धर्मांतरण को लेकर दो समुदायों के बीच में हंगामा करने का मामला सामने आए हैं दरअसल शहर के जुटमिल थाना क्षेत्र के सावित्री नगर में एक समुदाय के द्वारा किराए के भवन में धर्मांतरण का कार्य किया जा रहा था जिसके बाद स्थानीय युवाओं और बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने भवन में चल रहे धर्म परिवर्तन कार्यक्रम को रुकवाया और स्थानीय पुलिस को सूचना दी जिसके बाद हिंदू समुदाय और एक धर्म विशेष समुदाय के बीच झड़प हो गई झड़प के बाद हिंदू समुदाय ने हनुमान चालीसा पढ़कर धर्म विशेष का विरोध करने लगे, फिलहाल पुलिस ने मौके पर पहुंचकर मामला शांत किया और धर्म विशेष के धर्म परिवर्तन कार्य को रोक दिया और लगभग 12 से अधिक लोगों को गिरफ्तार कर थाने ले आई है धर्म परिवर्तन करने वाले समुदाय के पास से सैकड़ो की संख्या में किताबें हार्ड डिस्क कंप्यूटर जैसे सामान जप्त किए हैं।



वह भवन जहां चल रहा था कार्यक्रम।



चंगाई सभा में शामिल समुदाय विशेष के लोग।

धर्मातरण के मामले में अपनी टीम के साथ पहुंचे पार्षद राघवेन्द्र सिंह और पूर्व पार्षद मुक्तिनाथ बबुआ ने बताया कि आज सुबह उन्हें जानकारी मिली कि यहां बड़े पैमाने पर ईसाई समुदाय के द्वारा हिंदु लोगों को ईसाई बनाया जा रहा है जिसके बाद वे अपने साथियों के साथ यहां पहुंचे तो उन पर हमला किया गया। जिसकी जानकारी पुलिस को भी दी गई। आरोप था कि धर्म परिवर्तन कराने वालों के खिलाफ कार्रवाई संबंधी जानकारी पुलिस को भी दी गई है और इस स्थल को सील भी किया जाना चाहिए। वहीं सूचना मिलते ही नगर पुलिस अधीक्षक व जूटमिल थाना प्रभारी के साथ पहुंचे अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संजय महादेवा ने बताया कि सूचना मिलने के बाद मौके से कुछ लोगों को हिरासत में लिया गया है और कुछ किताबों को भी जब्त करके मामले को जांच में लिया गया है। उन्होंने इस बात को बताया कि यहां धर्म विशेष के लोगों द्वारा धर्म परिवर्तन कराया जा रहा था और बड़ी संख्या में महिलाएं व अन्य लोग बिल्डिंग में मौजूद थे। जूटमिल थाना में मुकदमा दर्ज हो गया है। तकरीबन 12 महिला पुरुषों सहित दो दर्जन से भी ज्यादा अज्ञात लोगों पर भादवि की संगीन धाराओं 147,148,149,323,153,2 95,505,(2) 365,506 (बी) के तहत अपराध दर्ज कर लिया गया है। जिनके नाम शैलेन्द्र सिंह, तुलसी लकड़ा, अनिता कूजूर, स्वर्ण कूजूर, उर्मिला कूजूर, अंजू मिंज, कुलदीप तिर्की, मंगल प्रसाद उरांव, युवराज सिंह, मुकेश कूजूर, कृष्टिना तिर्की, मुक्ति तिर्की, शीला तांडी, गमला लकड़ा प्रमुख है। सूत्रों की माने तो मसीही समाज के लोगों ने विरोध करने पहुंचे लोगों के ऊपर हमला भी किया था। जिसमे कई लोगों को चोटें भी आई है। जिसमे घायल लोगों के मुलाहिजा के बाद और भी धाराएं बढ़ सकती है।



जनदर्शन में शिकायतों का निराकरण करते हुए।

## वित्तमंत्री के जनदर्शन में उमड़े लोग

**सरिया।** वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने अपने निर्वाचन क्षेत्र सरिया में आज कार्यकर्ताओं से मुलाकात की और जन दर्शन के माध्यम से लोगों की समस्याओं से रूबरू हुए। उनसे मिलने बड़ी संख्या में सामाजिक संगठन के लोग, व्यापारिक संगठन के लोग, मजदूर संगठन के लोग, ग्राम वासी, आमजन, वित्त मंत्री एवं विधायक के जन दर्शन में पहुंचे।

वित्त मंत्री ने एक एक लोगों के आवेदनों पढा और उनकी समस्याएं सुनी और तत्काल प्रभाव से उसके निराकरण कर संबंधित विभाग एवं अधिकारियों को निर्देशित किया। पहली बार सरिया में वित्त मंत्री एवं क्षेत्रीय विधायक ओपी चौधरी के जन दर्शन की सूचना जैसे ही लोगों को मिली। नगर पंचायत कार्यालय सरिया पहुंचे और जन दर्शन में मंत्री को लिखित में आवेदन देकर समस्या समाधान की मांग की। अधिकांश ग्रामों में अवैध शराब बिक्री एवं विद्युत कटौती के साथ साथ अन्य समस्याओं के आवेदन मिले। दोपहर1 बजे से 4 बजे तक जनदर्शन लगने से लोगों ने मंत्री महोदय से उम्मीद रखी की हमारी समस्याओं का समाधान होगा। मंत्री महोदय ने भी तुरंत आवेदनों पर कार्यवाही हेतु संबंधित अधिकारियों से बात की एवं व्हाट्सएप के माध्यम से आवेदनों को फॉरवर्ड किया गया। वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने कहा कि मोदी की गारंटी है ना हम खाएंगे ना किसी को खाने देंगे। नियम अनुसार कार्रवाई की जाएगी। अवैध शराब के संबंध में वित्त मंत्री ने कहा कि सामाजिक बुराई के खिलाफ पुलिस सख्ती से कार्रवाई करें।

## रायगढ़ के कथक नर्तक पंडित राम लाल बरेठ को पद्मश्री सम्मान

**रायगढ़।** भारत सरकार द्वारा गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या पर देश के 110 विभूतियों को पद्मश्री सम्मान दिए जाने का एलान किया गया है, जिसमें छत्तीसगढ़ के रायगढ़ के कथक नर्तक पंडित राम लाल बरेठ, नारायणपुर के वैद्यराज हेमचंद मांझी तथा जशपुर के जागेश्वर यादव का नाम शामिल हैं। भारत सरकार द्वारा पंडित राम लाल बरेठ को कला क्षेत्र में वैद्यराज हेमचंद मांझी को चिकित्सा क्षेत्र में तथा श्री जागेश्वर यादव को समाज सेवा के क्षेत्र में उनकी उल्लेखनीय सेवाओं के लिए पद्मश्री सम्मान प्रदान किया जाएगा।



- छत्तीसगढ़ के तीन विभूतियों को मिलेगा पद्मश्री मुख्यमंत्री साय ने दी बधाई

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने पंडित राम लाल बरेठ, जागेश्वर यादव तथा वैद्यराज हेमचंद मांझी को इस गौरवपूर्ण उपलब्धि के लिए बधाई दी है। कथक के मूर्धन्य नर्तक पंडित राम लाल बरेठ ने कला के लिए अपना जीवन समर्पित किया है। रायगढ़ के रहने वाले पंडित राम लाल बरेठ के पिता कार्तिक राम बरेठ भी कथक के मूर्धन्य नर्तक रहे है। पंडित राम लाल बरेठ को संगीत नाटक अकादमी द्वारा भी पुरस्कृत किया गया है। विशेष पिछड़ी जनजाति बिरहोर एवं पहाड़ी कोरवा की भलाई के लिए जागेश्वर यादव ने अपना जीवन समर्पित कर दिया है। वैद्यराज हेमचंद मांझी द्वारा नारायणपुर के अबूझमाड़ इलाके में पारंपरिक औषधि जड़ी बूटी से बीते पांच दशकों से जरूरतमंद लोगों का इलाज को उनकी सेवा का प्रतिफल कहा है। मुख्यमंत्री ने कहा है कि इन तीनों विभूतियों ने अपने.अपने क्षेत्र में अपने उल्लेखनीय कार्य से राष्ट्रीय स्तर छत्तीसगढ़ को गौरवान्वित किया है।

यहां यह उल्लेखनीय है कि वर्ष 1976 से लेकर 2023 तक छत्तीसगढ़ में 26 लोगों को पद्मश्री सम्मान मिल चुका है। पंडित राम लाल बरेठए जागेश्वर यादव एवं वैद्यराज हेमचंद मांझी का नाम पद्मश्री के लिए घोषित होने पर पद्मश्री सम्मान से विभूषित होने वालों की संख्या 29 हो जाएगी।

## शिकायत पर एमप्लीफायर साऊंड बाक्स किया जब्त

**रायगढ़।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सदानंद कुमार के दिशा निर्देशन पर बिना अनुमति तेज आवाज में डीजे साउंड बजाने वाले पर कार्रवाई जारी है। इस मुहिम में कल 25 जनवरी को चक्रधरनगर पुलिस की टीम द्वारा बोईरदादर चौंक पर तेज आवाज में साउंड सिस्टम बजने की शिकायत पर कार्रवाई करते हुए एमप्लीफायर और साउंड सिस्टम को पुलिस ने जब्त कर लिया है।

कल शाम थाना प्रभारी चक्रधरनगर निरीक्षक प्रशांत राव आहेर को बोईरदादर चौक स्थित दुर्गा लाइट डेकोरेशन एवं साउंड सिस्टम दुकान में तेज ध्वनि को लेकर आसपास के लोगों द्वारा सुविधा होने की शिकायत किया गया। जहां दुकान संचालक एम्पलीफायर, साउंड सिस्टम में निर्धारित ध्वनि से तेज ध्वनि में गाना बजाते मिला। थाना प्रभारी द्वारा संचालक को नोटिस देकर बिना अनुमति के निर्धारित ध्वनि सीमा से ध्वनियंत्रों से ध्वनि प्रदूषण करने पर दुकान में रखे एक एमप्लीफायर और दो बड़े साउंड बॉक्स, वायर, की जब्ती कर संचालक शैलेष निषाद पिता ओम प्रकाश निषाद उम्र 27 साल निवासी कोरिया दादर गोपालपुर थाना चक्रधरनगर जिला रायगढ़ के विरूद्ध धारा 15 कोलाहल अधिनियम के तहत कार्यवाही किया गया है।

## लाखा के ढाबे में रेड, बियर जब्त

### संचालक को गिरफ्तार कर भेजा गया रिमांड पर

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

कोतवाली थाना प्रभारी शनिप रात्रे के नेतृत्व में कोतवाली पुलिस की टीम द्वारा ग्राम लाखा के रोहित ढाबा पर अवैध शराब विक्रय की सूचना पर कोतवाली पुलिस द्वारा शराब रेड कार्रवाई किया गया। पुलिस को देखकर कुछ लोग भागते दिखे ढाबा संचालक रामायण सिंह को पुलिस ने हिरासत में लेकर अवैध रूप से ढाबा में शराब बिक्री करने के संबंध में पूछताछ कर ढाबे की गवाहों के समक्ष तलाशी लीए जहां एक प्लास्टिक बोरी के अंदर 13 नग सिंबा अंग्रेजी बियर बोतल कीमती 2730 रूपए रखा मिला। वहीं संचालक रामायण सिंह की जामा तलाशी पर शराब बिक्री रकम 380 रुपए बरामद हुआ। आरोपी ढाबा के संचालक रामायण सिंह पिता स्वर्गीय लक्ष्मण सिंह उम्र 58 वर्ष निवासी ग्राम लाखा थाना कोतवाली रायगढ़



को नोटिस देकर शराब बियर विक्रय का लाइसेंस प्रस्तुत करने कहा गया जिसमें वह असफल रहा। थाना कोतवाली में आरोपी रामायण सिंह पर धारा 34(2)59(क) आबकारी एक्ट के तहत कार्यवाही कर आज रिमांड पर भेजा गया है।

## चाइल्ड पॉर्नोग्राफी के अपराध में युवक गिरफ्तार, गया जेल

**रायगढ़।** सोशल मीडिया में लगातार चाइल्ड पोर्नोग्राफी के मामले सामने आ रहे हैं। गत दिनों पुलिस मुख्यालय नया रायपुर से थाना लैलूंगा को प्राप्त हुए साइबर टिप लाइन मामले की जांच में थाना प्रभारी लैलूंगा निरीक्षक मोहन भारद्वाज द्वारा थाना क्षेत्र के युवक पिंटू चौहान निवासी ढोर्रोबीजा को बच्चों से संबंधित अवांछनीय विषयवस्तु मोबाइल के जरिए सोशल मीडिया में अपलोड करना पाए जाने पर आईटी एक्ट की धारा 67 और पोक्सो एक्ट की धारा 14 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर आरोपी को आज गिरफ्तार कर ज्युडिसियल रिमांड प्राप्त करने न्यायालय पेश किया गया।

इसी क्रम में जिला मुख्यालय रायगढ़ स्थित साइबर सेल से थाना लैलूंगा को प्राप्त साइबर टीपलाइन की जांच विवेचना दौरान थाना प्रभारी लैलूंगा द्वारा घटना में प्रयुक्त हुए मोबाइल नंबर का सेवा प्रदत्त कंपनी से जानकारी कर आज सुबह मोबाइल धारक संदेही पिंटू चौहान को उसके गृहग्राम ढार्बोबीजा से हिरासत में लेकर थाना लाया गया, पूछताछ में आरोपित पिंटू चौहान द्वारा पिछले साल सितंबर माह में बच्चों से संबंधित एक अश्लील वीडियो सोशल मीडिया में अपलोड करना स्वीकार किया है। आरोपित पिंटू चौहान उम्र 24 साल निवासी ग्राम ढोर्रोबीजा थाना लैलूंगा जिला रायगढ़ को आईटी एक्ट और पॉक्सो एक्ट के संगीन धाराओं में गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड वास्ते सत्र न्यायालय घरघोड़ा के न्यायालय पेश किया गया है।

## महिलाओं को अधिकारों के प्रति किया जागरूक



**रायगढ़।** आज 27 जनवरी को थाना खरसिया क्षेत्र अंतर्गत स्थानीय बालमंदिर स्कूल में अखिल भारतीय मारवाड़ी युवा मंच जागृति शाखा द्वारा महिला जागरूकता, स्वस्थ्य शिविर, सेवा कार्यक्रम का आयोजन किया गया था। कार्यक्रम में थाना खरसिया की महिला हेड कांस्टेबल सरोजनी राठौर द्वारा महिलाओं को सुरक्षा बिदुओं पर जागरूक किया गया, उन्होंने किसी भी आपात स्थिति में तुरंत हेल्पलाइन नंबर 112 पर काल कर पुलिस सहायता लेने पर जोर दिया और अप्रिय घटनाए घरेलू हिंसाए छिंटाकशी पर बिना छिपाए पुलिस एवं अपने शुभचितकों को बता कर असमाजिक तत्वों पर कार्यवाही कराने कहा गया। उन्होंने बताया कि महिलाएं की सतर्कता और जागरूकता से महिला सशक्तीकरण को बढावा मिलेगा। महिला प्रधान आरक्षक द्वारा महिलाओं को उनके अधिकारों तथा महिला अपराधों में प्राप्त होने वाली सहायता आदि के संबंध में आवश्यक जानकारी दिया गया है और उपस्थित बच्चों को गुड टच बैड टच के बारे में बताया गया।

कार्यक्रम का स्थानीय 100 से अधिक महिलाएं और करीब 70 बच्चों ने लाभ उठाया। कार्यक्रम में महिला प्रधान आरक्षक सरोजनी राठौर, डॉ. रूपाली गर्ग, राष्ट्रीय महिला सशक्तिकारण की चेयरमैन अर्चना गर्ग, प्रांतीय उपाध्यक्ष आशा अग्रवाल, प्रांतीय संयोजिका रजनी अग्रवाल, शाखा अध्यक्ष भावना अग्रवाल, प्रीति गिरधर अग्रवाल, रजनी झर्रा, उमा गोयल, श्वेता अग्रवाल, रीता, सरोज और सुनीता की विशेष सहभागिता रही।

## सात दिवसीय एनएसएस शिविर का समापन

**घरघोड़ा।** शासकीय महाविद्यालय घरघोड़ा की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के द्वारा तहसील तमनार अंतर्गत ग्राम औराईमुड़ा में चल रहे सात दिवसीय विशेष शिविर का 24 जनवरी को समापन हुआ। यह शिविर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. वाईके चंद्रा के मार्गदर्शन में 18 जनवरी से 24 जनवरी तक राष्ट्रीय सेवा योजना के प्रभारी विविषण सिदार के कुशल नेतृत्व में संपन्न कराया गया। इस वर्ष रासेयो के शिविर का मुख्य विषय था नशामुक्ति समाज के लिए युवा। इस शिविर के सफलतापूर्वक संचालन हेतु विद्यार्थियों को अलग अलग ग्रुप में बांटा गया था। जिसमे संकल्प ग्रुप, स्वामी विवेकानंद ग्रुप, युवा शक्ति ग्रुप एनौजवान ग्रुप तथा लक्ष्य ग्रुप था।



## एनटीपीसी लारा में समूहिक सुरक्षा वार्ता

**रायगढ़।** अखिलेश सिंह परियोजना प्रमुख एनटीपीसी लारा द्वारा 25 जनवरी को सामूहिक सुरक्षा वार्ता की अवसर पर संविदा श्रमिकों से वार्ता कर सुरक्षा प्रथम को पालन करते हुए सुरक्षित कार्य सम्पादन करने के लिए आह्वान किया। इस अवसर पर एनटीपीसी लारा में कार्य कर रहे लगभग 1000 संविदा श्रमिकों ने भाग लेकर सुरक्षा के प्रति अपनी सक्रिय सहभागिता को दर्शाया गया।

ज्ञात हो एनटीपीसी लारा द्वारा जनवरी माह में यातायात सुरक्षा माह का पालन किया जा रहा है। इसके अंतर्गत आयोजित सुरक्षा वार्ता में खास कर यातायात सुरक्षा के विषय में श्रमिकों को अवगत कराया गाय। एनटीपीसी लारा में सुरक्षा को सर्वोपारी मानते हुए कार्य स्थल पर सुरक्षित कार्य सम्पादन करने के लिए सभी उपलब्ध उपाय किया जा रहा है। जिस के फल स्वरूप हाल ही में ऐसी कोई सूचिवद्ध दुर्घटना घटित नहीं हुआ है। इस अवसर पर कटिंग एवं वैल्डिंग कार्य में नियोजित संविदा श्रमिकों को वैल्डिंग आफ़रों का वितरण किया गया। सुरक्षा एक समूहिक कार्य है जिसमें सभी का सहयोग की जरूरत होती है। इसी को ध्यान मे रखते हुए एनटीपीसी लारा में कार्यरत सभी संविदा श्रमिकों को सुरक्षा के प्रति सचेत रहने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है एवं सुरक्षा मित्र बनाए गए है। कोई भी श्रमिक किसी भी असुरक्षा की स्थिति में सूचित करने वाले को पुरस्कृत किया जाता है।

## पृष्ठ 1 का शेष

### मुख्यमंत्री विष्णुदेव...

शामिल हुआ। इनके सम्मान की जब जानकारी मुझे मिली तो मुझे बहुत खुशी हुई। उल्लेखनीय है कि जागेश्वर यादव के प्रयासों से न केवल बिरहोर लोग शिक्षा से जुड़े हैं। उन्होंने खेती भी करना आरंभ कर दिया है। जो बिरहोर भिक्षावृत्ति से जुड़े थे वे आज धान बेच रहे हैं। धरमजयगढ़ के ग्राम खलबोरा के केंदा राम अब धान बेच रहे हैं। बिरहोरों के लिए जागेश्वर यादव ने धरमजयगढ़ में आश्रम भी आरंभ किया है। उनको पद्मश्री मिलने पर बिरहोरों में भी काफी खुशी का माहौल है।

### मिलकर कार्य करेंगे ...

योगदान रहा। सम्मेलन में श्रीमती रायमुनि भगत विधायक जशपुर ने उपस्थित माता बच्चों अभिभावकों से शैक्षणिक गतिविधियों के संदर्भ में चर्चा करते हुए उन्हें आवश्यक मार्गदर्शन प्रदान किये बच्चों को प्रेरित करते औहुए उन्होंने अपने जीवन की कहानी के बारे में बताया कि मेरा बचपन भी गांव मे बीता है जब मैं छोटी थी और अपने सहेली के साथ पढने जा रही थी नदी मे अचानक पानी बढ गया था किसी प्रकार हम अपनी जान बचाए ऐसी विषम परिस्थितियों के बावजूद हमने अपनी पढाई नहीं छोडी, वर्तमान समय में आपको पूर्ण सुविधा प्राप्त हैं घर-घर में बिजली है,सड़कें बनी है,नदियों मे पुल बन गये हैं, स्कूल है शिक्षक हैं आप सभी अच्छे से पढ़ कर देश के सम्मानित नागरिक बनें, इसी तरह अभिभावकों को कहा कि आप अपना श्रेष्ठ पालकत्व का प्रदर्शन करें, शाला के बैठकों मे नियमित जाएं और शालेय गतिविधियों पर शाला के शिक्षकों से चर्चा भी करें, उपस्थित शिक्षकों से कहा कि आप प्रति माह बैठक रखते है कम से कम तीन माह मे एक बार अभिभावक बालक शिक्षक तीनो बैठकर शैक्षिक गतिविधियों पर चर्चा करेंगे तो स्वतः शैक्षिक गुणवत्ता बढेगी। विधायक श्रीमती भगत एवं गणमान्य अतिथियों के द्वारा सम्मेलन मे लगे शैक्षणिक सामग्रियों माशा डुमरटोली के बच्चों द्वारा बनी सामग्री के प्रदर्शनी का अवलोकन भी किया गया प्रदर्शनी मे बनी सामग्रियों के संबंध मे विधायक मैडम ने एक कुशल शिक्षक की भांति प्रत्येक माडल पर बच्चों चर्चा कर उसकी व्याख्या करते हुए सभी अभिभावको को इसे देखने एवं अपने बच्चों से ऐसे माडल बनवाने के लिए प्रेरित करने को कहा। कार्यक्रम को सफल बनाने मे प्रवीण कुमार पाठक प्रधान पाठक माशा डुमरटोली सुखराम राम, अजीत कुमार सिदार, संजीव यादव, सत्यदीप प्रसाद, किरण राम महारथी श्रीमती मंत्री बाई का सहयोग रहा सम्पूर्ण कार्यक्रम का संचालन तरूण कुमार पटेल सहायक विखं शिक्षा अधिकारी मनोरा के द्वारा किया गया।

## सरिया में रक्तदान शिविर वीरों ने किया रक्तदान

**सरिया।** किसी और की जान बचाने के लिए सौ से ज्यादा रक्त वीरों ने रक्तदान किया। रक्तवीर परिवार सरिया की ओर से उन्हें प्रमाण पत्र दिया गया। रक्त वीरों ने उत्साह के साथ शिविर में भाग लिया। वित्त मंत्री और क्षेत्रीय विधायक ओपी चौधरी ने कहा कि मानव सेवा से बड़ा कोई धर्म नहीं और रक्तदान से बड़ा कोई दान नहीं। एक रक्तबीर का रक्त चार लोगों की जिंदगी बचा जा सकता है। इसलिए जीवन में हर स्वस्थ व्यक्ति को रक्तदान करना चाहिए। इस मौके पर सारंगढ़ बिलाईगढ़ जिला कलेक्टर कुमार लाल चौहान ने रक्त दान शिविर की सहन करते हुए कहा कि जिंदगियों को बचाने में रक्त बहुत महत्व है। यह प्रयास सामाजिक सरोकारों से जुड़ा है। मैं सरिया क्षेत्र के रक्तवीर परिवार के कार्यों की सराहना करते हुए अपनी शुभकामनाएं देता हूं कि आने वाले वर्षों में रक्तवीर परिवार चढ़कर हिस्सा लें और लोगों की जिंदगी बचाने में सहयोग प्रदान करें। नगर के अग्रसेन भवन में आज शनिवार को सुबह 10रू00 बजे रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। जो शाम तक चलता रहा। शाम करीब 5 बजे तक सौ से ज्यादा रक्त वीरों ने रक्तदान किया है। रक्तवीर परिवार सरिया के संयोजक कमलेश अग्रवाल ने बताया कि रक्तदान शिविर का यह पांचवा शिविर है। और सफलतापूर्वक संपन्न हुआ है। आने वाले वर्षों में यह शिविर अनवरत जारी रहेगा। इस शिविर में सरिया क्षेत्र के जागरूक लोगों ने जागरूकता का परिचय देते हुए रक्तदान किया है।

